आइकिया करेगी साढ़े पांच हजार करोड़ का निवेश

जागरण टीम, लखनऊ : कोरोना काल में भी विदेशी निवेश आकर्षित करने को प्रयासरत रही योगी सरकार को दुनिया की जानी-मानी फर्नीचर कंपनी आइकिया ने उप्र में साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये निवेश करने का फैसला किया है। इस फैसले को अमलीजामा पहनाते हुए स्वीडन की बहुराष्ट्रीय कंपनी ने नोएडा में 850 करोड़ की कीमत का प्लाट खरीदा है।

नोएडा प्राधिकरण के साथ हुई कंपनी की लीज डीड के कार्यक्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े। उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी क्षेत्र को देश में सर्वाधिक निवेश की संभावनाओं वाला क्षेत्र बताया। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि आइकिया प्रदेश के अन्य शहरों में भी निवेश करेगी। योगी ने कहा कि वैश्विक महामारी के दौर में भी प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव आए हैं। औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश एक नया और आधुनिक स्वरूप ले रहा है। बड़ी संख्या में देशी-विदेशी कंपनियां निवेश के लिए उत्सुक हैं।

सफलता

- कंपनी ने नोएडा में खरीदी 850 करोड़ रुपये से जमीन
- सीएम ने नोएडा-ग्रेनो को बताया निवेश की सर्वाधिक संभावना

प्रदेश सरकार के निरंतर प्रयासों से यूपी निवेशकों और उद्यमियों के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में सामने आया है। निवेश के प्रस्ताव लगातार मिल रहे हैं। आइकिया शॉपिंग मॉल, होटल, ऑफिस तथा रिटेल आउटलेट में काम करेगी। इस निवेश से लगभग दो हजार प्रत्यक्ष और 20 हजार से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

राज्य सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों और वातावरण से यह संभव हो रहा है। वहीं कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े आइकिया इंडिया के सीईओ पीटर बेडजिल ने कहा कि कंपनी अपनी परियोजना को पांच से सात वर्ष में पूरा करेगी। कंपनी कारोबार से बड़ी संख्या में युवाओं और हस्तशिल्पियों को जोड़ेगी। स्थानीय कारीगरों के उत्पादों की मार्केटिंग की जाएगी।